## विसर्जन के लिए निकली मां दुर्गा की शोभायात्रा, जगह जगह हुए भंडारे, नदी और तालाबों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

# कहीं नम होकर तो कहीं नाचते गाते दी मातारानी को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा



सौसर नगर में धूमधाम एवं विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक आयोजनों के साथ में दशहरा पर्व मनाया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत को लेकर आयोजित दशहरा पर्वपर बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों ने एक दूसरे को दशहरे पर्व की फूल देकर बधाई दी, दशहरे के दिन मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाओं को देखने के लिए संपूर्ण नगर सड़कों पर उत्तर पड़ा था।

संपूर्ण नगर जय माता दी के जयकारों से गूंजता रहा है। विसर्जन के दौरान नम आंखों से माता रानी के भक्तों ने मां दुर्गा को विदाई दी।इस दौरान व्यापारीयो ओर घरो में लोहे की सामग्रियों एवं मशीनों की पूजा की गई है। ग्राम पंचायत बोरगांव में बुराई पर अच्छाई की जीत को लेकर रावण का दहन भी किया गया।रात्रि में पूजा के बाद में मिठाइयों का वितरण हुआ। शुक्रवार को नवरात्र के समाप्ति पर नगर में विशाल शोभायात्रा निकालकर मां जगत जननी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया, इस वर्ष नगर के 15 वार्डों में 19 स्थानों मा भगवती के प्रतिमाओं का स्थापना की गई थी।

नगर में विसर्जन के लिए निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगर वासियों ने शामिल होकर नाचते गाते मां जगत जननी के प्रतिमाओं नमन करते हुए विदाई दी है।नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन की ओर से नगर के रोहना घाट, कन्हान नदी, और जाम नदी पर भी विसर्जन के लिए सुरक्षा साफ सफाई प्रकाश की व्यवस्था बनाई गई थी।

समापन अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक ईदगाह स्थित झूले वाली मां के दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,इसे नगर का सबसे बड़ा महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम भी कहा जाता है, मां जगत जननी के आरती के बाद में विशाल महाप्रसाद का शुभारंभ किया जिसमें बड़ी संख्या में माता के भक्तों ने पहुंच कर महाप्रसाद को ग्रहण किया है। नगर के वार्ड क्रमांक 14 में शतचंडी दुर्गा उत्सव समिति मोक्ष धाम रोड पर भी नवरात्र के दौरान गरबा और विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए है।

समापन अवसर पर समिति की ओर से महाप्रसाद का वितरण किया गया,नवरात्र पर्व पर शांति व्यवस्था बरकरार रहे इस देश को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से जगह-जगह पर सुरक्षा की व्यवस्थाएं बनाई गई थी। इस दौरान नगर पंचायत लोधीखेड़ा, मोहगांव हवेली,बोरगांव,पिपला ना वार में शुक्रवार को देर शाम तक विसर्जन का सिलसिला चलता रहा है।

## धूमधाम से चल समारोह के साथ हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

**तामिया।** शरदीय नवदुर्गा उत्सव तामिया में पूरे उत्साह एवं धार्मिक भावना के साथ मनाया गया!सभी दुर्गा पंडालो में धार्मिक सांस्कृतिक एवं गरबा के विभिन्न आयोजन किए गए! आज चल समारोह के बीच दुर्गा विसर्जन पूरे धूमधाम के साथ किया गया! शनि मंदिर घाट पर समस्त दुर्गा प्रतिमाओं का पूजा पाठ के बाद विसर्जन हुआ! इस विसर्जन की खास बात यह रही की विसर्जन के समय बरसात हुई बावजूद इसके प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया! खेड़ापति माता मंदिर की दुर्गा प्रतिमा जो आकर्षण का केंद्र रही! वहीं ब्लॉक दुर्गा उत्सव समिति में स्थापित दुर्गा प्रतिमा का भी धूमधाम से विसर्जन किया गया! ग्राम पंचायत द्वारा विसर्जन स्थल पर साफ सफाई विद्युत व्यवस्था की गई! वहीं पुलिस व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही वही साई समिति के सदस्यों ने प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष विशाल भंडारा आयोजित किया! वहीं नैना देवी तुलतुला मंदिर की ओर से भंडारे में हलवा वितरित किया गया।



## विसर्जन के दौरान डेम में डूबा एक युवक, तलाश जारी

**परासिया** :- परासिया कोयलांचल क्षेत्र में एक ओर जहां दिनभर विसर्जन की धूम रही , तो वहीं बड़कुही पुलिस चौकी क्षेत्र से एक युवक के डेम में डूबने की खबर सामने आई है । जिसकी तलाश जारी है ।शुक्रवार को स्थानीय प्रशासन के द्वारा नदी के घाटों पर प्रतिमा विसर्जन के लिए चाक चौबंद व्यवस्थाएं बनाई गई , बावजूद इसके कुछ लोग निर्धारित विसर्जन स्थलों को छोड़कर अन्य स्थलों में प्रतिमा विसर्जन करने पहुंचे । मामला बड़कुही पुलिस चौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत चरई से सामने आया है । यहां स्थित डेम में बड़कुही से कुछ युवा प्रतिमा विसर्जित करने पहुंचे थे । लगभग दोपहर 2:00 बजे डेम के इंटकवेल के समीप एक युवा के गहरे पानी में डूब गया । जिसकी तलाश जारी है । युवक का नाम लकी बताया जा रहा है जो होटल में मजदूरी का काम करता था ।



## मातारानी को भक्तों ने दी विदाई

**बिछुआ।** विकासखंड बिछुआ में नवरात्रि के नौ दिनों तक भक्तों ने पूरे भक्ति भाव से माँ दुर्गा की आराधना की। मंदिरों में घंटियों की गूंज, मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। जैसे-जैसे विसर्जन का समय नज़दीक आया, भक्तों की आँखों में माँ से बिछड़ने का दर्द साफ झलकने लगा।ढोल-नगाड़ों की गूंज और ‟जय माता दी‟ के जयकारों के बीच भक्तों ने माँ दुर्गा की प्रतिमा को विदा किया। कई श्रद्धालु भावुक हो उठे, कुछ की आँखों में आँसू थे, तो कुछ माँ से जल्द अगले वर्ष फिर आने की विनती कर रहे थे।







## 165 मनोकामना कलशों की गई स्थापना

**छिंदवाड़ा।** चांदा देव पहाड़ी जो न्यूटन परासिया के मध्य स्थित है मां शारदा धाम का मंदिर स्थित है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष मां शारदा धाम में 165 ज्योति मनोकामना कलश स्थापित किए गई है। पहाड़ी पर सुंदर रोशनी की गई जो भक्तों का मन मोह रही है। पहाड़ी जगमगा रही है और सुंदर वातावरण बना है जो आकर्षक दिखाई दे रहा है। समिति संरक्षक श्री उमाकांत उमाशंकर श्रीवास्तव जी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां शारदा धाम में 165 मनोकामना कलश स्थापित किए गए हैं जो षष्टी तिथि पर 28 सितंबर को मां शारदा धाम में स्थापित किए गए हैं जिनका विसर्जन मां शारदा धाम में 6 अक्टूबर को किया जाएगा। इस अवसर पर सभी भक्तजनों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।





## आज सम्मानित होंगे बैडमिटन के विजेता, लकी डबल्स का होगा फाइनल मैच

**छिंदवाड़ा।** शुक्रवार 3 अक्टूबर की शाम 5 बजे जिला ओलंपिक संघ हाल छिंदवाड़ा में जिला बैडमिंटन संघ की विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें विगत दिनों मनाए गए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत गांधी जयंती के उपलक्ष्य में बैडमिटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके समस्त विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को आज 4 अक्टूबर को शाम 5 बजे फाइनल मैच के उपरांत अतिथियों एवं बैडमिटन संघ के पदाधिकारियों के कर कमलों से सम्मानित किया जावेगा। साथ ही अक्टूबर माह में दीपावली के उपरांत सांसद बैडमिटन स्पर्धा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन की रूपरेखा बनाई गई।बैठक में बैडमिटन संघ के संरक्षक हरीश खंडेलवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक राज जैन, सचिव जावेद खान, संजय सिसोदिया, तरुण विश्वकर्मा, दीपेंद्र शुक्रवार, अरविंद गिरडकर, विनय सिंग चंदेल, कुमारी तनिष्का विश्वकर्मा एवं कुमारी महिमा यादव सहित सभी सदस्य, प्रशिक्षक, कोच एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों उपस्थित रहे।

### महात्मा गांधी की जयंती पर नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित

**छिंदवाड़ा।** माय भारत छिंदवाड़ा (युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय भारत सरकार)के तत्वावधान एवं कूकड़ा ग्राम उत्थान समिति के स्थानीय सहयोग से पूज्य महात्मा गांधी जी की जन्म जयंती पर नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत नशे से दूर रहने की दी सलाह,ओरनशा मुक्ती की दिलाई शपथ दिलाई गई छिंदवाडा ग्राम कोटलबर्री हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रो मे जागरूकता लाने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशामुक्ति पर जागरूकता , नशामुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के संयोजक श्यामलराव ने उपस्थित युवाओं को बताया की तम्बाकू का सेवन एक सामाजिक बुराई के रूप मे फैल रही है, जो व्यक्ति को धीरे से अपने शिकंजों में जकड़ लेती है तथा उसको शारीरिक एवं मानसिक रूप से बीमार बना देता है। नशा करने वाले व्यक्ति का पूरा परिवार बिखर जाता है साथ ही बच्चो की शिक्षा व प्रगति रुक जाती है। नशे की लत से दूर रखने के लिए उपस्थित ग्रामीण जनो से कहा कि वे अपने- क्षेत्र को नशा से मुक्त करने एवं नशीले पदार्थों से दूर रखने की सलाह दे। आज अधिकांशतः युवाओं के साथ महिला व पुरूषो मे भी नशे का सेवन करने की प्रवृति दिनो दिन बढ़ रही है।

## खैरीतायगांव में हुआ धम्म चक्र प्रवर्तन दिन कार्यक्रम

**पारडिसंगा।** अशोका विजयदशमी एवं धम्म चक्र प्रवर्तन दिन के उपलक्ष में सौसर नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बौद्ध समाज के द्वारा डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक एवं बुध विहार में कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए महामानव को अभिवादन किया गया। ग्राम पंचायत खैरितायगाव में बस स्टैंड स्थित संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर भारतीय बौद्ध महासभा राजरत्न आंबेडकर और बौद्ध अनुयायियों ने माल्यार्पण करते हुए अभिवादन किया गया है। भारतीय बौद्ध महासभा से जुड़ेराजेश बागड़े,लक्ष्मीदास बोरकर,आनंद दुफारे,दिवाकर बागडे ने बताया कि धम्मचक्र अनुप्रवर्तन दिन के उपलक्ष में खैरितायगाव में बौद्ध उपासक एवं बौद्ध उपाशिका द्वारा लुंबिनी बौद्ध विहार में बुद्ध वंदना त्रिशरण पंचशील ग्रहण किया गया।आयोजन के दौरान पंचशील ध्वज का ध्वजारोहन अशोक पाटिल द्वारा किया गया,सभी बौद्ध उपासक बौद्ध उपासीकाओ के द्वारा बुद्ध विहार से धम्मरेली निकालकर डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक में डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा सम्मुख दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर अभिवादन करते हुए धम्म चक्र प्रवर्तन दिन चिरायु होडॉ बाबासाहेब अंबेडकर की जय, आदि का जय घोष किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में बौद्ध धर्म भाइयों ने उपस्थित होकर धम्म चक्र अनुप्रवर्तन दिन की एक दूसरे को बधाइयां दी है। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि 14 अक्टूबर 1956 को दशहरे के दिन नागपुर की पावन दीक्षा भूमि पर संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के द्वारापुराने धर्म को छोड़ते हुए 7 लाख से अधिक बौद्ध अनुयायियों के उपस्थिति में बौद्ध धर्म की दीक्षा ली, इसलिए दशहरे के दिन बौध्द समाज द्वारा धम्म चक्र अनु प्रवर्तन पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

### फोरलेन सड़क के लिए केंद्रीय मंत्री गडकरी का किया आभार

**सौंसर।** शुक्रवार को नागपुर में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से जिला भाजपा संदीप मोहड़ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ में मुलाकात करते हुए विभिन्न विषयों पर चर्चा की है।इस दौरान छिंदवाड़ा सांसद बंटी साहू,जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहड़ के द्वारा केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी से मुलाकात के दौरानसावनेर-सौसर-छिंदवाड़ा-सिवनी फोरलेन की स्वीकृति हेतु क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए स्वागत सत्कार किया।इस दौरान भाजपा नेता रामकृष्णा वाकोडे आदि उपस्थित थे।



## इंजीनियरों की हड़ताल का खूब उठा रहे फायदा

### गुणवत्ता को ताक में रख बन रही सड़क



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

जनपद पंचायत परासिया के इंजीनियर्स बीते एक माह से हड़ताल पर है । जिसका खूब फायदा पंचायतों में निर्माण कर्ताओं द्वारा उठाया जा रहा है । जहां जो भी निर्माण हो रहा है उसमें उसमें को ताक में रख दिया गया है । जिसकी बानगी झूर्रे में बन रही एक सी सी सड़क में देखी जा सकती है ।गौरतलब है , कि ग्राम पंचायत झूर्रेमाल में पंचायत कार्यालय के पीछे बस्ती में 200 मीटर सी सी सड़क का निर्माण कार्य जारी है , जिसमें गुणवत्ता को लेकर व्यापक लापरवाही बरती जा रही है । रेत नाम मात्र की है । एम सेंड भी मिट्टी मिक्स उपयोग की जा रही है । ये सब धड़ल्ले से इसलिए हो रहा है , क्योंकि यहां देखरेख वाला कोई जिम्मेदार नहीं है । जहां निर्माण हो रहा है वहां भी गाहेबगाहे लोग पहुँचते है । बस्ती वालों को इस बात की खुशी है , कि सड़क बन रही है । इस मामले में इंजीनियर दुर्गेश नागवंशी का कहना है , कि अभी वे हड़ताल पर हैं । जब कार्य पर होंगे तब जांच करेंगे ।

### एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के साथ ली परिचयात्मक बैठक

# नवागत कलेक्टर नारायण ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा




जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आज नवागत कलेक्टर श्री हरेन्द्र नारायन ने कार्यभार संभालने के उपरांत राजस्व अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार, एडीएम श्री धीरेन्द्र सिंह, जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

नवागत कलेक्टर श्री नारायन ने बैठक में सबसे पहले सभी राजस्व अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और जिले की प्राथमिकताओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण, पारदर्शिता एवं राजस्व के सभी प्रकरणों में समय-सीमा में कार्यवाही प्रशासन की पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनने एवं उनके समाधान की आवश्यकता पर बल दिया और सभी राजस्व अधिकारियों को सतर्कता से कार्य करने की हिदायत दी। बैठक में उन्होंने विशेष रूप से आरसीएमएस मामलों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों पर चर्चा की । राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाइन एवं सीपीग्राम की लंबित शिकायतों पर भी विस्तार से चर्चा की। नवागत कलेक्टर श्री नारायन के कार्यभार के प्रथम दिन आयोजित इस बैठक में राजस्व अधिकारियों ने भी जिले की कार्यप्रणाली और प्राथमिकताओं के संबंध में अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए।

### फरार उदघोषित ईनामी वारंटी को किया गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय के निर्देशन में जिले में विशेष टीम गठित कर माननीय न्यायालयो द्वारा जारी स्थायी / गिरफ्तारी एवं वांछित अपराधो में फरार वारंटियो / अपराधियो की धरपकड़ कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने हेतु निर्देशित किया गया हैं । इसी परिपेक्ष्य में न्यायालय से जारी फरारी वारंट में अभियुक्त राजा खत्री द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर अपराधिक षड़यंत्र कर योजनाबद्ध तरीके से भोले भाले लोगों से सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर संयुक्त रूप से समान मति से लोगों को उद्यापित कर तथा उन्हें ब्लेकमेल कर जान से मारने की धमकी देकर झूठे बलात्कार के केश में फसाने का कहकर उनसे अवैध रूपयों की वसूली कर मासूम लोगों को आर्थिक एवं मानसिक क्षति पहुंचाकर जघन्य अपराध घटित कर लंबे अरसे से वांछित फरार अपराधी जिसके विरुद्ध पूर्व से न्यायालय में संगीन धाराओ के अपराध विचाराधीन हैं जिनमें मुख्यतः लूट करना, धमकी देकर जबरन झूठे बलात्कार के केस में फसानें के नाम पर अवैध वसूली करना , इस प्रकार फरार उदघोषित ईनामी अभियुक्त राजा पिता विजय खत्री उम्र 28 साल निवासी साईं नगर नोनिया करबल (देहात) जिला छिंदवाडा को पुलिस टीम द्वारा दबिश/घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है, जिसे माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाता है । अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा की गई यह कार्यवाही लगातार जारी हैं।

## तड़के सुबह तक चलती रही श्री रामलीला, भूतों का मेला रहा आकर्षण का केंद्र

# हर्षोल्लास से मनाया गया दशहरा, धूं-धूं कर जल उठा रावण का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव





श्री नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर की ऐतिहासिक धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहर श्री रामलीला एवं दुर्गोत्सव समिति के द्वारा स्थानीय दशहरा मैदान, पंडित नेहरू स्टेडियम में बीती रात को रावण पुतले का दहन किया गया। इस दौरान शहरी एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। भव्य आतिशबाजी और पटाखों के शोर के बीच भगवान श्री रामजी के द्वारा रावण पुतले के नाभिकुंड में अग्नि बाण का संहार किया गया, जिसके बाद वह धू धू कर जल उठा। इससे पहले श्री रामलीला एवं दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा श्री रामलीला मंच से भगवान श्री राम का एक विजय जुलूस दशहरा मैदान के लिए रवाना हुआ था, जिसमें जगह-जगह आतिशबाजी की गई थी।

दशहरा मैदान पर आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक सुनील उईके, पूर्व विधायक नाथन शाह नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे विशेष रूप से उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में एसडीएम कामिनी ठाकुर, सीईओ रश्मि चौहान, तहसीलदार राजेंद्र टेकाम एवं मोहित बोरकर नगर के जनप्रतिनिधि का विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात समिति के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान श्री रामलीला एवं दुर्गा उत्सव समिति के समस्त सदस्य एवं पात्र गण मौजूद रहे।

बीते 99 वर्ष की परंपरा का बड़ा उदाहरण बन चुकी स्थानीय श्रीरामलीला समिति के द्वारा अंतिम दिवस की लीला का मंचन दशहरे की रात भर चलता रहा। रावण पुतले के दहन के पश्चात प्रारंभ हुई इस लीला में अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ वध, कुंभकरण वध, अहिरावण वध के पश्चात रावण वध की लीला का मंचन किया गया। इसके बाद अल सुबह ब्रह्म मुहूर्त में भगवान श्री राम का राज्याभिषेक भी किया गया। रामलीला पात्र के रूप में सजीव एवं जीवंत अभिनय अनुरूप शर्मा (राम), शैलेंद्र शर्मा (लक्ष्मण), नंदू साहू (अंगद), दुर्गा डहाट (रावण), सुमित शर्मा (मेघनाथ), बृजेश चौरसिया (कुंभकरण), तरुण बत्रा (अहिरावण), हर्षित सोनी (सीता), हेमंत साहू (कालनेमी), अनुरोध शर्मा (हनुमान), शोभित गुप्ता (मकरध्वज),विनोद साहू (विभीषण), मुकेश विश्वकर्मा (गुरु वशिष्ठ), धर्मेंद्र मालवीय (वाल्मीकि) के द्वारा सजीव एवं जीवंत अभिनय किया गया। श्री रामलीला के मंचन के दौरान रात भर जन समुदाय की बड़ी उपस्थिति रही।

### भूतों का मेला रहा आकर्षण का केंद्र

श्री रामलीला समिति के द्वारा आयोजित की जा रही इस रामलीला में अहिरावण के दरबार में भगवान श्री राम और लक्ष्मण की बली दिए जाने की लीला के मंचन के दौरान भूतों के मेला का आयोजन किया जाता है। इसमें भुमका, पड़िहार और भूतों की उपस्थिति का बेहतरीन संयोजन दिखाया गया है। विभिन्न गीतों पर यहां पर भूतों को नाचते हुए दिखाया जाता है। भुमका पड़िहार के द्वारा उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण भी किया जाता है। भूतों के इस मेले में दर्शकगण झूमते नजर आए।

### दशहरा मैदान में आकर्षण का केंद्र बने रावण और मेघनाथ

विजयदशमी के अवसर पर श्री रामलीला समिति के द्वारा निकाले गए विजय जुलूस में रावण (मनीष चौरसिया) और मेघनाथ (नितिन चिंटू बत्रा) भी अपने रथ पर सवार थे। दशहरा मैदान में पहुंचे रावण और मेघनाथ की आकर्षक वेशभूषा, अभिनय कला और रंग रूप को देखकर हर कोई चकित था। यही कारण रहा कि आम और खास व्यक्ति इन दोनों ही कलाकारों के साथ अपनी सेल्फी खींचते नजर आए। इसके अलावा जलते हुए रावण के पुतले की भी लोगों ने अपने मोबाइल से जमकर फोटो खींची है।

### दशहरे पर शहर में भंडारों का देर रात तक चला दौर

नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालो के द्वारा श्री विजयदशमी के अवसर पर दूरस्थ ग्राम से पधारे ग्रामीणजनों के लिए भंडारे के रूप में प्रसादी का वितरण किया गया। नगर के अंशिका लॉन, श्री नाग मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर में देर रात तक भंडारे का दौर चलता रहा। यहां बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थिति देकर भंडारे के रूप में प्रसाद ग्रहण किया। जुन्नारदेव नगर का यह ऐतिहासिक रावण दहन का कार्यक्रम में विशेष आकर्षण विशेष आतिशबाजी के साथ ही विशाल जनसमूह की उपस्थिति में रावण का दहन।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा समापन पर कर्मचारियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

नगर पालिका परिषद चौरई द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का समापन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। पखवाड़े भर शहर में सफाई अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम और पॉलिथीन मुक्ति से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित कर नागरिकों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। समापन अवसर पर नगर पालिका कार्यालय से बस स्टैंड तक भव्य रैली निकाली गई। इसमें नगर पालिका अमला, जनप्रतिनिधि और नागरिकगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान बैनर और नारे लगाते हुए नगर में स्वच्छता का संदेश फैलाया। इसके बाद नगर पालिका प्रांगण स्थित सभागार में समापन समारोह हुआ, जिसमें उन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने पूरे पखवाड़े निष्ठा से अभियान को सफल बनाया। अधिकारियों और स्वछता विभाग की सभापति नीलू शशिकांत निर्मलकर ने उनके योगदान की सराहना की और नागरिकों से भी स्वच्छता को आदत बनाने का आह्वान किया। इस प्रकार रैली और सम्मान समारोह के साथ पखवाड़े का सफल समापन हुआ, जिसने शहरवासियों को स्वच्छता के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ने का प्रेरक संदेश दिया।इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पूर्णिमा शरद जैन, सभापति नीलू निर्मलकर, सी एम ओ अभयराज सिंह, इंजीनियर आशिक शेख, सहित समस्त नगर पालिका स्टॉफ उपस्थित रहा।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, हनोतिया विजेता, पिंडरई कला उपविजेता



**दमुआ/राखीकोल।** नवरात्रि के पावन अवसर पर राखीकोल मड़काढ़ाना में सात दिनों तक चले भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का गुरुवार को फाइनल मुकाबले के साथ शानदार समापन हुआ। फाइनल मैच में रोमांचक संघर्ष के बाद हनोतिया की टीम ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया।

वहीं पिंडरई कला की टीम उपविजेता रही समारोह में मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष श्री सोनू पाटिल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता टीम अपनी ओर से प्रथम पुरस्कार स्वरूप 10,000 की नगद राशि प्रदान की। उपविजेता टीम को समिति की ओर से 5,000 नगद, आकर्षक ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों के जोश और समर्पण की सराहना की।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखने और समाज में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जाग्रत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं आयोजन समिति ने यह भी बताया कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर यह आयोजन पूरे क्षेत्र में उत्साह और सौहार्द का माहौल लेकर आया फाइनल मुकाबले के दौरान दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। खिलाड़ियों के चौकों-छक्कों और विकेट गिरने पर खेल मैदान तालियों से गूंज उठा।

अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित कर प्रतियोगिता का सफल समापन किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सोनू पाटिल हरिराम सलाम प्रभाकर वासनिक रुपेश यादव पप्पू वर्मा मोहित यादव विजय भोरे पप्पू पवार संजय साहू समिति के मनोज भोपा भारत बोसम गोलू बोसम राजेंद्र झाम सिंह दर्शमा हरीश दर्शमा प्रमोद शीलू उपस्थित रहे।

# नगर कांग्रेस ने गाँधी जी व शास्त्री जी को दी श्रद्धांजलि



**चौरई।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर कांग्रेस चौरई के द्वारा स्थानीय विधायक कार्यालय में चौरई विधायक चौधरी सुजीतसिंह की प्रमुख उपस्थिति में एक कार्यक्रम आयोजित कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर उपस्थितजनों ने देश की आजादी व विकास में स्व. गाँधीजी व स्व. शास्त्रीजी के योगदान को याद किया साथ ही युवा नेता चंद्रजीत ठाकुर ने भी अपने विचार उपस्थित कांग्रेसजनों के बीच साझा किया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तीरथ ठाकुर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज खण्डेलवाल, प्रेमेंद्र साहू, अमित चौरसिया, प्रशांत शर्मा, बेनीसिंह रघुवंशी, शहीद मंसूरी, अंकित पांडे, नन्हेलाल पंचेश्वर, सचिन वर्मा, प्रदीप सनोडिया, हर्षित जैन, नीलेश सनोडिया, अकबर अली, विजय वर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अहंकारी रावण के दहन के बाद छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का दर्शको ने लिया आनंद

# उकवा में दशहरा पर्व की धूम झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज उकवा।







सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति उकवा बस्ती में लगातार कई दशकों से नवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है नवरात्रि के नवदिन माता रानी के भक्तों की भीड़ बड़े ही श्रद्धा से माता रानी की आरती में पहुंचकर बड़े ही भक्ति भाव से मां दुर्गा की भक्ति में लीन हो जाते हैं ।

### नवरात्रि भर किया जाता है विशाल भंडारे का आयोजन

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति उकवा बस्ती के अध्यक्ष श्री संतोष सोनी ने हरिभूमि समाचार पत्र के रिपोर्टर श्री आनंद गोदरे को जानकारी देते हुए बताया कि सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति उकवा बस्ती के प्रांगण में माँ शेरावाली की आरती के पश्चात प्रतिदिन माता रानी के चाहने वाले भक्तों के द्वारा आरती में आए सैकड़ो लोगों को विशाल भंडारा कराया जाता है जिसमें तरह-तरह के व्यंजन पुलाव पूरी हलवा फल मिठाइयां आदि महाप्रसादी का वितरण किया जाता है ।

### झांकियां देखने उमड पडी हजारों दर्शकों की भीड़

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति उकवा बस्ती के द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई जिसमे श्री राम लक्ष्मण एवं सीता माता बने नन्हे मुन्ने बच्चे, सर्पदंश से बचाव सबसे पहले दवाखाना, भारत की कानून व्यवस्था, पर्यावरण बचाओ ग्राम उमरिया की पेशकश, मानव वन जीव संघर्ष में आत्मरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश तथा वन जीवों का संरक्षण उत्तर सामान्य बालाघाट, मैं हूं सशक्त नारी आयोजक वार्ड नंबर 06 उकवा, एवं सोच बदलो देश बदलेगा गुदमा बस्ती आदि झांकियां बस स्टैंड उकवा दुर्गा मैदान से निकाली गई इस दौरान नन्ही मुन्नी बालिकाओं के द्वारा झांकियो के आगे आगे कलश यात्रा निकाली गई । मेथाडिस्ट चर्च गुदमा के मसीह समाज के द्वारा रैली में चल रहे भक्तों को शर्बत वितरण किया गया उसके बाद रैली रेंज ऑफिस चौक होते हुए उकवा बस स्टैंड से उकवा बस्ती का भ्रमण करते हुए सूर्य मैदान पहुंची जहां पर रावण के विशाल पुतले का विधि विधान से पंडित के द्वारा पूजा अर्चना की गई धुआंधार आतिशबाजी के बीच नन्हे श्री राम के द्वारा रावण दहन किया गया उसके पश्चात रैली में प्रथम प्रथम आने वाली झांकी पहलगाम अटैक को 7100 रु द्वितीय पर्यावरण बचाओ ग्राम उमरिया को 5100 रु एवं मैं हूं सशक्त नारी वार्ड नंबर 6 उकवा तृतीय स्थान पाने वाली झांकि को 3100 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया । फिर शुरू हुआ छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम महतारी रात भर चलने वाले इस कार्यक्रम का दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया सुबह समनापुर तालाब में दुर्गा जी का डीजे एवं बजेगाजे

## जब रावण का अहंकार नहीं चला, तो किसी व्यक्ति का भी अहंकार नहीं चलेगा- विवेक पटेल

# भगवान श्री राम के बाण छोड़ते ही धू-धू कर जला अहंकारी रावण का पुतला



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** बुराई पर अच्छाई का प्रतीक विजयादशमी पर्व वारासिवनी नगर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। दशहरा आयोजन समिति अध्यक्ष व विधायक विवेक विक्की पटेल की उपस्थिति में बड़ा श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो गांधी चौक, गोलीबारी चौक, आंबेडकर चौक, नेहरू चौक, जय स्तंभ चौक, बस स्टैंड होते हुए दशहरा मैदान रानी अवंतीबाई स्टेडियम पहुंची। शोभा यात्रा के दौरान नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा महाप्रसाद वितरण किया गया और शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को पेयजल पिलाया गया।

शोभा यात्रा में घोड़ों पर शिवाजी के रुप में राहुल मेहरबान, लक्ष्मी बाई के रुप में महक तिवारी, जीजा माता के रुप में विधि लिल्हारे, राजा रघुनाथ शाह के रुप में देवेंद्र वखारिया, राजा शंकर शाह के रुप में श्रेयांश नेवारे, रानी दुर्गावती के रुप में साक्षी प्रजापति, रानी कर्णावती के रुप में तमन्ना निखारे, एकलव्य के रुप में अमित जैन, बाजीराव पेशवा के रुप में विधान लिल्हारे, रानी अवंतीबाई के रूप में पूर्वी बिसेन के साथ ही भगवान श्रीराम के रुप में देव निखारे, भगवान लक्ष्मण के रुप में अश्विन नेवारे और भगवान हनुमान के रूप में श्रेयांश बारी अनोखी छटा बिखेर रहे थे।

शोभा यात्रा में छत्तीसगढ़ का शिव तांडव नृत्य और बालाघाट जिले का प्रसिद्ध आदिवासी नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। चल समारोह में चलित झॉंकिया और डी जे व बैंड, ढोल की धुन पर नाचते हुए युवाओं ने एक जोश व उमंग का माहौल बना दिया था। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए भूत पिशाचों द्वारा किए जाने वाले अग्नि व अन्य नृत्यों ने दर्शकों का मनमोह लिया।

चल समारोह के दौरान नागरिकगण अपने-अपने घरों से भगवान श्रीराम-लक्ष्मण, हनुमान व अन्य वीरों पर फूलों की वर्षा करते रहे। गोलीबारी चौक में कोष्टी समाज अध्यक्ष मनीष हेड़ाऊ ने अपने साथियों के साथ चल समारोह में चल रहे नागरिकों व श्रद्धालुओं, भगवान श्रीराम-लक्ष्मण व अन्य वीरों पर फूलों की वर्षा करने के साथ उन्हें ठंडा पेयजल पिलाया और केला वितरण किया।

चल समारोह के पूर्व विधायक डॉक्टर योगेंद्र निर्मल के निवास स्थान के सामने पहुँचने पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने उनके निवास पर पहुँच कर डॉ. निर्मल के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और उन्हें ससम्मान चल समारोह में अपने साथ लेकर आए। जो जनचर्चा का विषय बना रहा है। इस दौरान सभी लोगों ने जय जय श्रीराम के गगनभेदी नारे लगाए।

चल समारोह के दौरान भगवान हनुमान के स्वरूप को धारण करने की परंपरा हैं। इस वर्ष शिवम बुधरानी द्वारा मुकुट धारण किया गया था। जिन्होंने सुबह से नगर के सभी मंदिरों में जाकर भगवानों के दर्शन किए और फिर बड़ा श्रीराम मंदिर में साधक शिवम बुधरानी द्वारा भगवान श्रीराम व हनुमान की पूजा अर्चना कर अपनी वानर सेना के साथ नगर का भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान पहुँचे। इस दौरान उन्होंने मार्ग में पडने वाले मातारानी के पंडालों में पहुँच कर मातारानी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया।

# महान राष्ट्र नायक महात्मा गांधी और शास्त्री जी की मनाई गई जयंती



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** सत्य, अहिंसा, सादगी, और जनकल्याण के प्रेरक राष्ट्र के दो महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 02 अक्टूबर को जन्म जयंती मनाई गई. इन राष्ट्र नायकों की जन्म जयंती पर देश भर में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित गई. इसी क्रम में कटंगी शहर के गांधी चौक में सुबह 11 बजे प्रशासनिक कार्यक्रम का आयोजन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. एसडीएम के.सी.ठाकुर, सीएमओ राधेश्याम चौधरी, नपा उपाध्यक्ष धर्मकला देशमुख, पार्षद गायत्री ठाकरे, सविता टेम्भरे, मितेश कुमरे, पूर्व पार्षद रहमान अंसारी, भोजराज देशमुख, वरुण देशमुख सहित नगर परिषद के सभी विभागों के प्रभारी और कर्मचारियों ने महापुरुषों के छायाचित्र का पूजन किया. जिसके बाद एसडीएम ने सभी को नशा मुक्त भारत का संकल्प दिलवाया और फिर स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांधी चौक परिसर की सफाई की. कटंगी के अर्जुननाला, पाथरवाड़ा में भी महापुरुषों की जयंती मनाई गई।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी

### नगर में निकली मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम लक्ष्मण सीता और हनुमान की चैतन्य झांकी





**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर के सालेटेकरी रोड स्थित मंडई टेकरी में काली मंदिर के सामने मैदान में 2 अक्टूबर को असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी का पर्व बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ धार्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर नगर परिषद द्वारा मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और महाबली भगवान हनुमान की चैतन्य झांकी निकाली गई, जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए रावण दहन स्थल मंडई टेकरी पहुंची। इस महायात्रा में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी पार्षद गण तथा नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। रावण दहन स्थल मंडई टेकरी पर रावण दहन का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस दौरान पुलिस और प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे, ताकि दशहरा पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा सके। रावण दहन के बाद लोगों ने एक-दूसरे को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। रावण दहन के अवसर दशहरा मेले का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। मेले में चाट-पकौड़ी, मिठाई, खिलौनों की दुकानें और महिलाओं के लिए विशेष मेला आकर्षण का केंद्र रहा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के जवानों ने पूरी व्यवस्था संभाली।

इस अवसर पर विधायक राजकुमार कर्राहे भी मंडई टेकरी स्थित ग्राउंड में रावण दहन कार्यक्रम में उपस्थित हुए और क्षेत्रवासियों को दशहरे की बधाई दी। उन्होंने लोगों से अपने अंदर के अहंकार, क्रोध और नकारात्मक विचारों को खत्म करने का आग्रह किया। विधायक श्री कर्राहे ने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और लोगों को अपने भीतर की नकारात्मकताओं को दूर करने का संकल्प लेना चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे, ताकि सभी जगह दशहरा शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा सके। रावण दहन के बाद लोगों ने एक.दूसरे को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।

# कटंगी और तिरोड़ी थाना परिसर में किया गया शस्त्र पूजन



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का सम्मान करते हुए अनुविभाग कटंगी के तिरोड़ी और कटंगी थाने में विजयादशमी के मौके पर शस्त्र पूजन किया गया. तिरोड़ी में थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या और कटंगी में थाना प्रभारी धमेन्द्र कुशराम, महकेपार पुलिस चौकी में चौकी प्रभारी तरूण सिंह चौहान ने पुलिस जवानों के साथ शस्त्र पूजन किया. पंडित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शस्त्र पूजा संपन्न करवाई. विजयादशमी पर शस्त्रों की पूजा करना शक्ति की आराधना और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक माना जाता है वहीं पुलिस थानों में शस्त्र पूजा इसलिए भी की जाती है क्योंकि पुलिस बल के लिए शस्त्र केवल हथियार नहीं, बल्कि न्याय और सुरक्षा के उपकरण हैं. पुलिस थानों में होने वाली शस्त्र पूजा राजा-महाराजाओं और योद्धाओं द्वारा युद्ध से पहले शस्त्र पूजन से प्रेरित है दशहरा के दिन शस्त्रों की पूजा करने की परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है. धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, जब देवी-देवताओं और वीर योद्धाओं ने राक्षसों और अधर्म का विनाश करने के लिए शस्त्रों का उपयोग किया, तब उन्हें यह शक्ति मिली. इसलिए शस्त्र केवल हथियार नहीं, बल्कि धर्म, न्याय और शक्ति का प्रतीक माना जाता है और इसलिए शस्त्र पूजा की परंपरा चली आ रही है।

### कांग्रेसी पार्षद बैठे धरने पर अध्यक्ष पर लगाए भेदभाव के आरोप
## नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट में नगरपालिका अध्यक्ष पर शहरी विकास कार्यों में अनदेखी, भेदभाव और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्षदों ने 3 अक्टूबर, शुक्रवार से अनिश्चितकालीन सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया है। यह आंदोलन नगरपालिका कार्यालय के सामने किया जा रहा है, जिसमें कांग्रेस के सभी पार्षद और विधायक अनुभा मुंजारे शामिल हैं।

नेता प्रतिपक्ष योगराज कारो लिल्हारे ने बताया कि 28 मार्च को परिषद की बैठक में प्रस्ताव क्रमांक 11 पारित किया गया था, जिसमें नगर के सभी वार्डों में विकास कार्यों का प्रस्ताव शामिल था। हालांकि, छह महीने बीत जाने के बाद भी इस प्रस्ताव पर कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई।

इस अनदेखी को लेकर 17 सितंबर को सीएमओ को ज्ञापन सौंपा गया था। इसमें 2 अक्टूबर तक सभी 33 वार्डों के विकास कार्यों के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई थी, लेकिन नगरपालिका अध्यक्ष और सीएमओ दोनों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इसी कारण जनता के हित में यह सत्याग्रह आंदोलन करना पड़ रहा है।

विधायक अनुभा मुंजारे ने नगरपालिका पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले 15 सालों से भाजपा सत्ता में है, लेकिन शहर की हालत खराब है। उन्होंने अध्यक्ष भारती ठाकुर पर भेदभावपूर्ण तरीके से काम करने का आरोप लगाया और कहा कि नगरपालिका में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और पार्टी के लोगों को ठेके दिए जा रहे हैं।

कांग्रेस पार्षदों की मुख्य मांगों में परिषद के छह महीने पुराने प्रस्ताव क्रमांक 11 के तहत सभी वार्डों में निर्माण कार्य, अनियमित पेयजल आपूर्ति में सुधार, शहर में फैली गंदगी को दूर करना, कच्ची नालियों और खराब सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था और निरंतर हो रही अनियमितताओं की जांच शामिल है।

## रावण दहन देखने गए रिटायर्ड प्रिंसिपल के घर चोरी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के पौनी में एक रिटायर्ड प्रिंसिपल परिवार के साथ रावण दहन देखने गए थे, तभी उनके घर में चोरी हो गई।

मलाजखंड थाना पुलिस के मुताबिक, रिटायर्ड प्रिंसिपल ललित मिश्रा ने बताया कि वह और उनकी पत्नी माला मिश्रा दशहरा मैदान में रावण दहन देखने गए थे। लगभग दो घंटे बाद जब वे घर लौटे तो उन्होंने देखा कि सामने का चैनल गेट और दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर चोरी कर ली।

वे घर से लगभग 25 से 30 तोला चांदी (जिसमें चांदी के जेवर, दो चांदी के गिलास और चांदी के सिक्के शामिल हैं। 50 से 60 हजार रुपए नकद और एक 43 इंच की टीवी चोरी कर ली। चोरी गए सामान की कीमत लाखों में बताई जा रही है।

ललित मिश्रा ने तत्काल इसकी सूचना नागपुर में रह रहे अपने बेटे अविनाश मिश्रा और पुलिस को दी। इसके बाद मलाजखंड पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर जांच शुरू की। शुक्रवार को ललित मिश्रा और उनके बेटे अविनाश मिश्रा ने मलाजखंड थाने में विधिवत शिकायत दर्ज कराई।

चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने बालाघाट से फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड टीम को मौके पर बुलाया। मलाजखंड पुलिस ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।



जिले में संपत्ति चोरी की वारदातों पर अंकुश नहीं लग पाने से लोगों में भय और रोष का माहौल है। चोर लगातार मौके का फायदा उठाकर सूने घरों को अपना निशाना बना रहे हैं, जिससे जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

## दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन, वैनगंगा नदी में क्रेन से पानी तक ले जा रहे प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



**बालाघाट में विजयादशमी के बाद नवरात्र के समापन पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो गया है। यह क्रम अगले दिन भी जारी रहेगा। नगर पालिका ने वैनगंगा नदी में प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की है, जिसकी मदद से विसर्जन कार्य किया जा रहा है।**

शुक्रवार दोपहर से विसर्जन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। नौ दिनों तक आदिशक्ति की आराधना के बाद भक्तों ने मां दुर्गा की प्रतिमाओं को वाहनों में रखकर विदाई दी। भक्त नाचते-गाते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे।प्रशासन और पुलिस ने विसर्जन को सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं।

वैनगंगा नदी के तट पर गोताखोरों और पुलिस की टीम को तैनात किया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। नगरीय क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। इन प्रतिमाओं का विसर्जन विजयादशमी के दिन बंगाली दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही शुरू हो गया था।

## शासकीय महाविद्यालय हट्टा में स्वदेशी जागरण सप्ताह एवं स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय हट्टा में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण, सामाजिक जागरूकता और श्रमदान से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ।महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मुकेश कुमार बिसेन के मार्गदर्शन, कार्यक्रम प्रभारी श्री बसंत दशरिये के कुशल नेतृत्व एवं समस्त स्टाफ के सहयोग से यह अभियान प्रभावी रूप से संपन्न हुआ।स्वदेशी जागरण सप्ताह के अंतर्गत व्याख्यानों के द्वारा विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और उनके उत्पादन संबंधी जानकारियां दी गई तथा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग हेतु शपथ भी दिलाई गई इस कार्यक्रम में सक्रिय भाग्य भागीदारी डॉक्टर श्रद्धा चौधरी एवं श्रीमती श्वेता नेमा की रही। सेवा पखवाड़ा अभियान के दौरान 26 सितंबर 2025 को रक्त परीक्षण शिविर एवं सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हट्टा की डॉ. दीक्षा कूर्वे एवं उनकी टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही। उन्होंने विद्यार्थियों को सिकल सेल एनीमिया से संबंधित महत्वपूर्ण



जानकारियाँ दीं। इसके साथ ही स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत डॉ. दीक्षा कुर्वे एवं श्री युवराज चंद्रवंशी ने छात्र-छात्राओं को महिला स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया।अभियान के अंतिम चरण में 1 अक्टूबर 2025 को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग एवं उत्पादन पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने जनजागरण रैली निकालकर समाज को स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को सत्य और अहिंसा की शपथ भी दिलाई गई।महाविद्यालय परिवार की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान एक सामाजिक चेतना का संदेश लेकर संपन्न हुआ और महाविद्यालय ने सेवा, सहयोग एवं संस्कारों की परंपरा को और मजबूत किया।

## येरवाघाट ग्राम सभा में दी कृषि अधिकारी ने कृषको को सोयाबीन भावतंर योजना की जानकारी



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत येरवाघाट में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी खैरलांजी आर. पी.मर्सकोले ने किसानों को सोयाबीन भावांतर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही नरवाई प्रबंधन,जीवामृत,सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, हैप्पी सीडर,किसान स्वयं स्वाबलंबी बने और खुद अपना बीज,खाद,दवा, बनाएं और खेती में लगत कम कर अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करे जिसके बारे विस्तृत रूप से जानकारी दी गई गई। इस अवसर नोडल अधिकारी पवन डहाके, ग्राम सरपंच ,सचिव, सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### 12 घंटे में कीटनाशक के सेवन से 3 की मौत

**बालाघाट।** जिले में बीते 12 घंटे में कीटनाशक के सेवन से तीन लोगों की मौत हो गई। सभी को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां उपचार के दौरान एक की मौत हो गई। वहीं दो लोगों की रास्ते में जान चली गई।अस्पताल चौकी पुलिस ने तीनों शवों को बरामद कर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिए गए।अस्पताल चौकी प्रभारी ईश्वरदयाल पटले ने बताया कि किरनापुर थाना क्षेत्र के सिवनीकला निवासी कुसनाजी पिता नेतराम झलपे (54) खेत में कीटनाशक का छिड़काव करने गए थे। घर लौटने पर उन्हें उल्टियां होने लगीं, जिसके बाद परिजन उन्हें जिला अस्पताल लाए। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, लालबर्रा थाना क्षेत्र के छतेरा निवासी दिनेश पिता श्यामलाल मर्सकोले और वारासिवनी थाना क्षेत्र के कायदी निवासी राजकुमार पिता स्व. रामप्रसाद गीते की कीटनाशक के सेवन से जिला अस्पताल लाते समय ही मौत हो गई। डॉक्टरों से तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने इन दोनों शवों का भी पोस्टमॉर्टम कराया।

## भेंडारा पीएम श्री स्कूल में सेवा पखवाड़ा अभियान का सफलतापूर्वक हुआ समापन



### पौधारोपण कार्यक्रम सहित प्रतियोगिता का हुआ आयोजन बच्चे पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

पीएम श्री शासकीय उच्च.माध्य विद्यालय भेंडारा में 2 अक्टूबर गुरुवार को गांधी जयतिं मनाई गई। इस अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर विविध प्रजाति के पौधे लगाए गए। साथ ही सेवा पखवाड़ा अभियान का सफलतापूर्वक समापन किया गया। सेवा पखवाड़ अभियान की शुरुआत 17 सितंबर से की गई थी। जिसका समापन 2 अक्टूबर को किया गया। स्कूल प्रबंधन ने बताया की सेवा पखवाडा अभियान के अंतर्गत विद्यालय में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक लगातार अनेक गतिविधी एंव कार्यक्रम आयोजित किए गए, अभियान के तहत विकसित भारत थीम पर चित्रकला, निबंध, विचार संगोष्ठी, मैराथन, एक पेड़ मां के नाम सहित अन्य कार्यक्रम एंव प्रतियोगिता आयोजित की गई । इस दरमियान प्रतियोगित में विद्यालय के अध्ययनरत विद्यार्थीयो के द्वारा भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमे प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागीयो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बताया गया की अभियान का उद्देश्य स्वच्छता, जन भागीदारी, सेवा, जन कल्याणकारी कार्यक्रम को व्यापक स्वरूप देना, एंव ऐसे सकारात्मक कार्यक्रम के प्रति प्रोत्साहित करना रहा।इस अवसर पर प्राचार्य रविकांत नागपुरे, रश्मि तुरकर कार्यक्रम प्रभारी, अमित भवरे, विजय गुप्ता, अनिल कावडे, आशीष पारधी, दिलीप पारधी अन्य जनप्रतिनीधी सहित शिक्षकगण मौजूद रहे।.

## ग्राम सभा में राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की सूची का हुआ वाचन

### मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





जिले में मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत 'आपका राशन आपका अधिकार' के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों की सुविधा के लिए, राशन सामग्री के प्रति जागरूक करने तथा राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।इस कार्यक्रम के अंतर्गत 02 अक्टूबर को जिले में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में उचित मूल्य दुकान से राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की सूची का वाचन किया गया। ग्राम सभाओं में शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं द्वारा माह जनवरी से अगस्त तक वितरित सामग्री की जानकारी दी गई तथा पंचायत व ग्राम के पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन किया गया। ग्राम सभा में राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की सूची का वाचन करने से ग्रामीणों में जागरूकता का संचार हुआ है और पात्र लोगों को ही राशन का वितरण किया जाना सुनिश्चित हुआ है।

### मॉयल लिमिटेड में नई पदोन्नति, परीदा और भट्टाचार्य बने महाप्रबंधक

**बालाघाट।** जिला मुख्यालय से लगभग पाँच किलोमीटर दूर स्थित मॉयल लिमिटेड भरवेली खदान में अधिकारियों की पदोन्नति की घोषणा की गई। कंपनी प्रबंधन ने अनुभवी और समर्पित अधिकारियों को नई जिम्मेदारियाँ सौंपी हैं। भरवेली खदान में अतीत में खान प्रबंधक एवं अभिकर्ता के रूप में सेवा दे चुके श्री विकास परीदा को महाप्रबंधक (तकनीकी) पद पर पदोन्नत किया गया है। वहीं, श्री राजेश भट्टाचार्य को महाप्रबंधक (परियोजना एवं विविधीकरण) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों अधिकारियों को पदोन्नति पत्र कम्पनी के अध्यक्ष एवं सह प्रबंध निदेशक अजित कुमार सक्सेना ने सौंपे। इस अवसर पर श्री सक्सेना ने कहा कि मॉयल लिमिटेड की प्रगति में अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत व निष्ठा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नई जिम्मेदारी मिलने से दोनों अधिकारी कंपनी को तकनीकी नवाचार और विविध परियोजनाओं के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगे। पदोन्नति की इस घोषणा से कंपनी परिसर में उत्साह का माहौल है। सहकर्मियों, कामगारों और अधिकारी वर्ग ने श्री परीदा और श्री भट्टाचार्य को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास जताया कि उनकी नेतृत्व क्षमता और अनुभव से कंपनी को भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल होंगी।

## बजरंग दल ने सरेखा ओवर ब्रिज पर सलमान को पकड़ा




### महाराष्ट्र से वारासिवनी गोमांस ला रहा था, पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक युवक को शुक्रवार को पकड़ा है। उनका दावा है कि युवक स्कूटी की डिक्की में गोमांस ले जा रहा था।

यह घटना सरेखा रेलवे ओवरब्रिज पर हुई, जहां कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र के चंगेरा से मांस ला रहे वारासिवनी निवासी सलमान खान नामक युवक को रोका।

कार्यकर्ताओं ने तुरंत पुलिस को बुलाकर आरोपी को मांस सहित उनके हवाले कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष सीतेश ब्रम्हें और उनके कार्यकर्ताओं ने पुख्ता सूचना के आधार पर सलमान को रोका। पकड़े जाने पर आरोपी सलमान ने मांस को भैंस का मांस बताया।

सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं ने एफआरवी 112 को कॉल किया। बताया गया कि सलमान स्कूटी की डिक्की और एक प्लास्टिक की बोरी में अलग-अलग थैलियों में भरकर मांस ला रहा था। अनुमानित तौर पर यह मांस लगभग 25 किलोग्राम था।

बजरंग दल के जिलाध्यक्ष सीतेश ब्रम्हें ने बताया कि उन्हें पहले भी नवरात्र के दौरान सलमान के महाराष्ट्र के चंगेरा से गौमांस लाने की सूचना मिली थी, लेकिन तब वह पकड़ में नहीं आया था। आज वाहन नंबर सहित पुख्ता जानकारी मिलने के बाद उसे सरेखा रेलवे ओवरब्रिज पर रोकने का प्रयास किया गया, जिस दौरान वह भागने लगा था।

ब्रम्हें ने विश्वास जताया कि पकड़ा गया मांस गोमांस ही है। उन्होंने यह भी बताया कि सलमान के खिलाफ पहले भी गोमांस से जुड़े कई केस दर्ज हैं। उन्होंने महाराष्ट्र से लगे जिले के क्षेत्रों में गोतस्करी और गोमांस के परिवहन पर सख्त रोक लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

कोतवाली पुलिस ने अब मांस की मात्रा, स्त्रोत और यह किस प्रकार का मांस है, इसकी जांच की जाएगी।

## गुड शेफर्ड संस्था द्वारा बाल सभा का गठन




हरिभूमि न्यूज बिरसा।

बिरसा ब्लॉक अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर गुड शेफर्ड संस्था गर्रा टोला द्वारा दस गावो में बच्चो के अधिकार को लेकर बाल सभा का गठन किया गया क्राइम व बच्चो के स्वास्थ्य गाव की समस्या को लेकर संस्था द्वारा सराहनीय प्रयास किया गयासभा में गांधी जी के छाया चित्र में पूजा कर बच्चो के द्वारा ग्राम के विकास को लेकर सरपंच श्री भारत सिंह को आवेदन दिया गया संस्था प्रभारी सहयोगी सिस्टर राजकुमारी द्वारा संस्था के माध्यम से ग्राम हितो के लिए सभी बहनों को प्रगतिशील मार्गदर्शन का पहल किया जाता रहता हैंबाल सभा में दरबारी टोला नाका सलघट गरा टोला शेरपर स्कूल टोला देवगाव सुर वाही पंडरी पथरा के समस्त बच्चो के हक और अधिकार बाल विवाह बाल मजदूरी साईबर क्राइम के संबंध में संस्था द्वारा जागरूक किया वइस अवसर पर सरपंच भारत मरावी , सिस्टर राजकुमारी, मानाराम तेकाम, रेवासिग मरकाम, एवम्-समस्त स्टाफ के साथ बच्चो की उपस्थिति रही।

## शा.बालक उमावि हट्टा में विभिन्न गतिविधियों के साथ सेवा पखवाड़ा अभियान का हुआ समापन





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हट्टा में शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया गया। 17 सितम्बर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता प्रतिज्ञा के साथ-साथ वृक्षारोपण करते हुए इस पुनीत कार्य का शुभारंभ किया गया। संस्था के प्राचार्य श्रीमती रेखा वानखेड़े के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी पी.एल.उके व्याख्याता एवं भाउराव महंत उच्चत्तर माध्यमिक शिक्षा के नेतृत्व में प्रतिदिन सुझावात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा हैं। इसी क्रम में विकसित भारत की थीम पर 17 सितम्बर से 23 सितम्बर तक लेखन कौशल, निंबध लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता, सुरक्षित डिजीटल भारत, राष्ट्रीय प्रतीकों पर क्विज का आयोजन हुआ। जिसमें संस्था से डॉ योगेश बिसेन, तुमसरे जी, गोस्वामी जी, सुश्री महाजन, श्रीमती वासनिक, श्रीमती फुंडे, श्रीमती स्वाति लिल्हारे का कार्यक्रम प्रभारी के रूप में योगदान रहा। 21 सितम्बर को "स्पोर्ट्स डे" मिनी इवेंट के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगितायें खेलकूद शिक्षक महेश्वरी घोरमारे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। सभी इवेंटस में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक हैंडवाशिंग एक्टिविटी, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, शारीरिक व्यायाम, योगाभ्यास, प्राणायाम, देशी खेलकूद, पानी पीने के आदत पर गतिविधियां बताई गई। भूमेश बिसेन, श्री रिनायत, श्री बुंदेला, श्री सौलखे, श्री येरपुड़े कार्यक्रम प्रभारी के द्वारा संपन्न करवाई गई।"लोकल फॉर वोकल" गतिविधि स्थानीय उत्पाद भारत की पहचान पर छात्र-छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिमा का परिचय दिया। साथ ही हट्टा क्षेत्र के आसपास मिट्टी के बर्तन, ईंट निर्माण, झाड़ू निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, स्थानीय कृषि उत्पाद के बारे में जानकारी हासिल की। आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प लिया। इन गतिविधि संचालन में अमूल्य कुमार भालाधरे, श्री उके, बाबूलाल डोंगरे, देवकर पारधी की भूमिका सराहनीय रही।2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंति हर्षौल्लास के साथ मनाई गई। इसके साथ ही एकता वृक्ष का निर्माण किया गया। चार्ट पर एवं बड़ा सा पेड़ बनाते हुए हर पत्ते पर मैं समाज की एकता के लिए क्या कर सकता हूं, इस पर छात्र छात्राओं ने अपने दायित्तव कर्त्तव्य लिखकर चिपकायें एवं दो एकता वृक्ष का निर्माण किया। गांधीजी एवं शास्त्री जी के व्यक्तित्तव कर्त्तव्य पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये।